प्रेषिका,

महिमा चौधरी,
अपर सिविल जज (जू०डि०),
न्यू कोर्ट सं0–4, मुरादाबाद।

सेवा में,

महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा:– श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।

विषय: माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ पीठ के द्वारा रिट सं० 1496(SB)/2015,1649(SB)/2013&678(SB)/2014 Dated 13.04.2018 में पारित आदेश के क्रम में उ0प्र0 शासन के द्वारा निर्गत शासनादेश दिनांकित 13.04.2018 के प्रकाश में एल०एल०एम० उपाधि धारक न्यायिक अधिकारियों को तीन अग्रिम वेतन वृद्धियां प्रदान किये जाने एवं एल०एल०एम० की उपाधि सेवा अभिलेखों में रखे जाने के संबंध में ।

महोदय,

सादर अवगत करना है कि अद्योहस्ताक्षरी उ०प्र० न्यायिक सेवा 2018 बैच का न्यायिक अधिकारी है और दिनांक 16.12.2019 को जनपद मुरादाबाद से अपनी न्यायिक सेवा प्रारम्भ की है।

न्यायिक सेवा प्रारंभ करने के उपरांत अधोहस्ताक्षरी ने एल०एल०एम० की उपाधि वर्ष 2022 में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा से प्राप्त कर ली है।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ पीठ के द्वारा रिट सं० 1496(SB)/2015,1649(SB)/2013&678(SB)/2014 Dated 13.04.2018 में पारित निर्णय के क्रम में उ0प्र0 शासनादेश के नियुक्ति अनुभाग–4 द्वारा निर्गत शासनादेश दिनांक 13.04.2018 के प्रकाश में अद्योहस्ताक्षरी न्यायिक सेवा में आने के दिनांक अर्थात 16.12.2019 से तीन अग्रिम वेतन वृद्धियां प्रदान किये जाने व सेवा अभिलेखों में एल०एल०एम० की उपाधि रखे जाने का अधिकारी है।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा एल०एल०एम० की उपाधि वर्ष 2022 में प्राप्त करने के उपरांत न्यायिक सेवा में आने के अर्थात दिनांक 16.12.2019 से अद्योहस्ताक्षरी को तीन अग्रिम वेतन वृद्धियां प्रदान किये जाने व सेवा अभिलेखों में एल०एल०एम० की उपाधि रखे जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक– 03/11/22

भवदीया,

Mahima
03/11/22

(महिमा चौधरी)
अपर सिविल जज (जू०डि०),
न्यू कोर्ट सं0–4, मुरादाबाद।

संलग्नकः–
सभी सेमेस्टर की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र
मा० उच्च न्यायालय की बेवसाइट पर स्वयं की प्रोफाइल फोटो।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद।

पत्रांक (प्रशा०) मुरादाबाद। दिनांकः–

सेवा में,

महानिबंधक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को सादर अग्रसारित

जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।